04 मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों...

07 छुट्टे की झंझट खत्म, अब 1 से लेकर हजारों रुपए का...


## खबर संक्षेप

### आज नीमताल पर चौराहे पर होगी परिचर्चा

**विदिशा।** विदिशा विचार मंच द्वारा चौराहे पर चर्चा नाम से पूर्व में दो परिचर्चायें आयोजित की गई। तीसरी परिचर्चा गांधी प्रतिमा स्थल नीमताल चौराहे पर आज बुधवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। विदिशा विचार मंच द्वारा आयोजित इस परिचर्चा का विषय पूर्व की ही भांति विदिशा की बदहाली में जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय रहेगा। विदिशा के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, किसान भाई, सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि परिचर्चा में शामिल होकर विदिशा की समस्याओं पर अपने विचार रखें। अपील करने वालों में विदिशा विचारमंच के आनंद प्रताप सिंह, आशीष माहेश्वरी, संदीप अमावते, रमेश रैकवार, दिनेश विश्कर्मा आदि शामिल हैं।

### निशुल्क नेत्र शिविर सेवा सदन में 25 को लगेगा

**विदिशा।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ एवं रोटरी ग्रेटर विदिशा के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 25 नवंबर को लगाया जाएगा। यह शिविर शास्त्री नगर वर्मा हॉस्पिटल के सामने सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक लगाया जाएगा। शिविर में लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी। जिन लोगों की आंख में मोतियाबिंद पाया जाता है उन मरीजों को सेवा सदन अस्पताल की एंबुलेंस से अस्पताल ले जाकर निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। मरीज का आना-जाना, भोजन दवाइयां निःशुल्क रहेगी। पर उन्हे अपने साथ आधार कार्ड एवं पहचान पत्र की कॉपी लाना होगा।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई

**अहमदपुर।** मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन में मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अहमदपुर जन विकास सेवा समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। प्रदीप श्रीवास्तव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सरपंच शिवचरण शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा ने किस प्रकार अपना जीवन व्यतीत किया उसके विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव रामदयाल मालवीय, सह सचिव लीलाधर लोधी, नारायण सिंह कुशवाह, छात्र शायद साहू, समिति सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ज्ञापन देकर लगधा के ग्रामीणों ने मांगी सुविधाएं

**विदिशा।** त्योंदा तहसील की ग्राम पंचायत लगधा के झिरिया गांव के रहवासियों ने मूलभूत सुविधा देने की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि 20-30 सालों से करीब 50 परिवार वहां रह रहे हैं लेकिन मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। स्कूल आंगनबाड़ी, बिजली जैसे सुविधाएं भी नहीं हैं, न ही सड़क है। ग्रामीणों ने बताया की वह पहले भी ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई।

### पुलिस नहीं सुन रही तो मंगलवार को सीधे एसपी से जाकर मिलें

# एसपी ने सुनीं शिकायतें: जमीनी विवाद धोखाधड़ी व साइबर से जुड़े मामले आए

***आम लोगों की पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनने के लिए पुलिस द्वारा भी जनसुनवाई शुरू कर दी गई है। मंगलवार को एसपी रोहित काशवानी ने आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान जमीनी विवाद और धोखाधड़ी से संबंधित कई शिकायतें सामने आईं हैं। वहीं साइबर क्राइम से संबंधी भी शिकायतें जनसुनवाई के दौरान आ रही हैं। एसपी रोहित काशवानी से आवेदकों को शिकायतों को ध्यान से सुना और अधिकारियों को तय समयसीमा में मामलों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।***

**जनसुनवाई में भूमि संबंधी विवाद और धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय विदिशा में मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी रोहित काशवानी ने बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने मौके पर ही कई मामलों का निराकरण कराया।

अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, धोखाधड़ी, घरेलू परेशानियों, साइबर अपराध और अन्य आपराधिक मामलों से संबंधित थीं। एसपी श्री काशवानी ने संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि हर शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील और विनम्र व्यवहार किया जाए। एसपी ने लंबित और गंभीर मामलों की समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश भी दिए। साइबर अपराधों से जुड़े मामलों पर उन्होंने पीड़ितों को तुरंत सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एसपी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा में किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। एसपी ने बताया कि जनसुनवाई जनता और पुलिस के बीच मजबूत संवाद का माध्यम है।

उन्होंने जोर दिया कि पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी पुलिसिंग विदिशा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि हर शिकायत का नियमित फॉलोअप लिया जाए और शिकायतकर्ता को उसकी प्रगति की जानकारी भी दी जाए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी द्वारा शुरू की गई जनसुनवाई से आम लोगों को काफी फायदा मिलेगा। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में जब गंभीर मामलों में लोगों की सुनवाई नहीं होती तो वह निराश हो जाते हैं, लेकिन एसपी की जनसुवाई होने से अब ग्रामीण सीधे मंगलवार को एसपी के समक्ष खड़े हो सकते हैं।



**विदिशा।** जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की शिकायतें सुनते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी।

# जिलेभर की 752 लाड़ली बहनों के खातों में राशि नहीं पहुंची 1500 की राशि

**जांच में पता चला प्रक्रिया पूरी न होने और खाते बंद होने के कारण राशि नहीं हो पाई जमा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लाड़ली बहना योजना की नवंबर माह की जारी किस्त 752 महिलाओं के खातों में नहीं पहुंची।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा का कहना है कि इन महिलाओं के खातों में भुगतान असफल हो गया। जिनके कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले की 752 लाड़ली बहनों के खातों में जिन कारणों से राशि जमा नहीं हो पाई है उनमें 500 आवेदिकाओं के आधार नंबर नहीं पाए गए हैं।

28 आवेदिकाओं के बैंक खाते ब्लॉक पाए गए हैं। 201 आवेदिकाओं के आधार नंबर आईआईएन से मैप नहीं पाए गए जबकि 18 आवेदिकाओं के खातों में आधार खातों से मैप नहीं पाए गए। 5 आवेदिकाओं के बैंक खाते बंद पाए गए। हितग्राहियों से आग्रह है कि वे अपने संबंधित बैंक में जाकर डीबीटी पुनः सक्रिय करवाएं, ताकि आगामी माह से भुगतान सुचारू रूप से प्राप्त हो सके।

# दनवास के ग्रामीणों ने सचिव - सरपंच के खिलाफ खोला मोर्चा



**तीन साल में 70 लाख रुपए की राशि निकाली पर कोई विकास कार्य नहीं कराए गए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लटेरी तहसील के ग्राम पंचायत दनवास के रहवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में चल रही जनसुनवाई में आवेदन देते हुए आरोप लगाया कि गांव के सरपंच ने रामजानकी मंदिर पर अतिक्रमण कर लिया है। इसके अलावा सरपंच द्वारा 3 साल के दौरान तकरीबन 70 लाख रुपए की राशि निकाली है लेकिन उससे किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं कराया गया। प्रधानमंत्री आवास, पेंशन और कई अन्य योजनाओं का भी लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से सरपंच सचिव पर कार्रवाई की मांग की है।

# जनसुनवाई में 152 आवेदनों में से 78 का हुआ निराकरण



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान हो रहा है। मंगलवार 18 नवंबर को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 152 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 78 आवेदनो का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाते हैं और सुशासन की एक पहल अंतर्गत जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन, निकिता तिवारी, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ पंकज जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद खेल महोत्सव में खूब आनंद ले रहे खिलाड़ी और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

टीलाखेड़ी छात्रावास खेल मैदान में मंगलवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें पारंपरिक खेलों में प्रतिभागियों ने जोश दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश टंडन ने किया। महोत्सव में वार्ड क्रमांक 34, 35, 36, 37, 38, 39 से 400 महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक खेल लेमन रेस, रस्साकसी एवं म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। रस्साकसी में आदिति, पूर्वी राजपूत, लेमन रेस में राजवीर, नैतिक मालवीय म्यूजिकल चेयर रेस में शिखा शर्मा, और सपना जैन विजेता रहीं। सभी विजेताओं को विधायक मुकेश टंडन और सीएमओ सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशंसापत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पार्षद सपना राजेश जैन, पार्षद शिवानी शैलेंद्र सरवैया पार्षद चंद्रपाल सिंह दांगी, भाजपा नेता छत्रपाल शर्मा, प्रकाश लोधी, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, गुलाबचंद भावसार, महामंत्री सुनील साहू, कल्लू लियाकत खान, आसिफ पटेल, वर्षा श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित कर ग्रामीण एवं नगरीय समुदायों में आपसी भाईचारा, सहयोग और खेल भावना को सुदृढ़ बनाना रहा। आयोजन के दौरान पूरे वातावरण में उल्लास, एकता और खेल के प्रति समर्पण की भावना देखने मिली।



# 16 दिसंबर से होगा तीन दिवसीय आयोजन

**विदिशा।** गौंड जनजातीय समुदाय के चरित्र एवं ऐतिहासिक नायकों केंद्रित जननायक गौंड इतिहास की नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां समारोह का आयोजन कुरवाई में किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा गौंड शासकों द्वारा स्थापित 52 गढ़ों में से 30 गढ़ों पर उनके ही चरित्र एवं ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित तैयार नृत्य नाटिकाओं के प्रदर्शन कराने का निर्णय लिया गया है। प्राचीन गौंड शासकों के गढ़ों में से विदिशा जिले के कुरवाई में 22 से 24 नवम्बर तथा विदिशा में 16 से 18 दिसम्बर तक तीन दिवसीय जननायक गौंड इतिहास की नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां समारोह आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। अकादमी की ओर से गतिविधि के लिए कलाकारों के आमंत्रण के साथ ही अस्थाई मंच, प्रकाश, ध्वनि, बैठक बिछायत, प्रचार सामग्री का मुद्रण एवं संयोजन की व्यवस्थाएँ की जा रही है। समारोह के लिये स्थानीय सहयोग तहत समारोह स्थल का आरक्षण, स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था प्रतिदिवस 35 कलाकारों की आवास व्यवस्था, प्रचार प्रसार में सहयोग अपेक्षित किया गया है।

# विधायक मुकेश टंडन ने नगर पालिका में की जनसुनवाई

**विदिशा।** प्रत्येक मंगलवार विधायक मुकेश टंडन नगरपालिका में आम जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने नागरिकों की जनसमस्याओं को सुना। हर मंगलवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक नगरपालिका में जनसुनवाई की जा रही है, मंगलवार को विभिन्न समस्याओं के 12 लिखित आवेदन प्राप्त हुए एवं कुछ हितग्राहियों द्वारा मौखिक भी समस्याएं बताई गईं। जिस पर विधायक ने उनको हल करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को दिए कुछ आवेदनों का मौके पर ही निराकृत किए गए। जन जनसुनवाई में पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# लापरवाह छात्रावास अधीक्षिका निलंबित

**विदिशा।** लापरवाही बरतने पर एक छात्रावास अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। जनजातीय गौरव दिवस पर बासौदा के मानस भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय समुदाय कल्याण केन्द्र बरेठ के छात्रों को मानस भवन तक लाने ले जाने के कार्यों में लापरवाही बरतने पर अधीक्षिका मनीषा शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक द्वारा जारी किया गया है। जिला संयोजक सुनील मरकाम के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि प्राथमिक शिक्षक प्रभारी अधीक्षिका सामुदायिक कल्याण केन्द्र बरेठ मनीषा शर्मा को निलंबन काल अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबन काल में इनका मुख्यालय जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग विदिशा नियत किया गया है।




# राष्ट्रीय स्विमिंग प्रतियोगिता में ओलम्पस के छात्र एकम सिंह का चयन, खिलाड़ियों ने जीते 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल

**30 नवंबर से 5 दिसंबर तक दिल्ली में नेशनल प्रतियोगिता आयोजित होगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विगत दिनों इंदौर में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई के विद्यार्थिओं का जबरदस्त प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई के 4 विद्यार्थिओं एकम सिंह, अभिनव शुक्ला, वेदांशी शर्मा और अमित रघुवंशी का चयन हुआ था।

सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अंडर 17 में एकम सिंह अड़क ने एकल इवेंट में 1 सिल्वर और 1 ब्रोंज़ मेडल जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना नाम सुनिश्चित किया। वहीं 400 मीटर और 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले और मेडले रिले में भी एकम सिंह ने सिल्वर और ब्रोंज़ मेडल प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सभी संभागों से बच्चों ने भाग लिया था। इसमें ओलंपस स्कूल के एकम सिंह का 4 पदक प्राप्त कर सभी से आगे रहना अपने आप में एक सराहनीय प्रयास रहा। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक दिल्ली में नेशनल प्रतियोगिता आयोजित होगी। ओलंपस हाई स्कूल की प्राचार्य प्रियंका सिंह ने जानकारी दी की एकम ने विद्यालय की इवनिंग अकेडमी में स्कूल कोच रमेश शुक्ला से ही स्विमिंग सीखी। इस सफलता पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी और अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने एकम सिंह अड़क को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1650
उच्चतम भाव-5210
सरसों
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-8790
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5361
मसूर
न्यूनतम भाव-4950
उच्चतम भाव-8350
उड़द
न्यूनतम भाव-4460
उच्चतम भाव-5900
मक्का
न्यूनतम भाव-900
उच्चतम भाव- 1635
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3058
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-3285
गेंहू
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2990
मूंग
न्यूनतम भाव- 5500
उच्चतम भाव- 5500
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव- 3110
धनिया
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव- 6420

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 41678 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ ने सराहनीय कार्य किया

**गंजबासौदा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 फिर का कार्यक्रम जारी है। जिसके अंतर्गत विदिशा जिले के बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना फॉर्म का डिजिटलाइजेशन का कार्य सराहनीय रहा है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना फॉर्म का डिजिटलाइजेशन के सराहनीय कार्य में उपलब्धि परिलक्षित करते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा के मतदान केंद्र क्रमांक 80 के बीएलओ शशि शर्मा ने 64.86 प्रतिशत किया। बीएलओ द्वारा किये जा रहे इस कार्य को जिला प्रशासन द्वारा एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अन्य क्षेत्रों में भी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रेरणा मिल रही है।

### मच्छरमार दवा के छिड़काव की मांग

**गंजबासौदा।** इन दिनों पाराशरी नदी किनारे की निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप देखा जा रहा है। मच्छरों के कारण यहां के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए वार्डवासियों ने नपा से फागिंग मशीन से धुएं का छिड़काव एवं मच्छरमार दवा के छिड़काव कराने की मांग की है। जिससे रहवासियों को निजात मिल सके।

# अनुष्ठान की पूर्णाहूति में यजमानों ने शिवालय निर्माण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिवालय निर्माण वह पुण्य है जो देवताओं को भी दुर्लभ है। जो राजा या भक्त शिव मंदिर बनवाता है, वह केवल निर्माणकर्ता नहीं, बल्कि धर्म का वाहक माना जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार शिवालय निर्माण करने वाला जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्त होकर शिवधाम को प्राप्त होता है। महापुराण के कोटि-रुद्र संहिता में मंदिर निर्माण को अविनाशी पुण्य माना गया है। शिव स्वयं मंदिर निर्माता के कुल की रक्षा करते हैं। ग्रंथों में यह भी उल्लेख मिलता है कि मंदिर निर्माण में लगाया गया प्रत्येक पत्थर, प्रत्येक ईंट और प्रत्येक अंश व्यक्ति को अनंत पुण्य प्रदान करता है। शिव महापुराण में शिवालय निर्माण वह साधना है जिसे स्वयं शिव स्वीकार करते हैं। इससे बड़ा कोई यज्ञ नहीं, इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं, इससे पवित्र कोई तप नहीं। यह बात आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताते हुए पुराणों, शास्त्रों में वर्णित शिवालय निर्माण की महिमा पर प्रकाश डाला। अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर शिवालय निर्माण में यजमान भानु सिंह ठाकुर विशनपुर ने 5 लाख रूपये देने की घोषणा की। वहीं पाँच अन्य यजमानों ने गुप्त दान रूप में एक लाख रुपए देने की घोषणा की। यहां उल्लेखनीय है कि वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर भव्य शिवलोक निर्माण की आधारशिला के लिए नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर



दास महाराज के सानिध्य में विजय हनुमान मंदिर पर 11 दिवस से चल रहे भगवान नर्मदेश्वर महादेव के दिव्य अनुष्ठान और सवा लाख कनकधारा स्त्रोत की पूर्णाहुति मंगलवार को हुई। शिव चतुर्दशी पर पूर्णाहुति महा अभिषेक में भगवान नर्मदेश्वर महादेव का पूजन यजमान नगेंद्र उपाध्याय, विकास, नरेश गुप्ता, प्रमोद माहेश्वरी, महेंद्र सिंह राजपूत जाठौदा, नौरंग राजपूत, भानु सिंह ठाकुर विशनपुर, शैलेंद्र रघुवंशी तिलातिली, डॉ कमलेश रघुवंशी एवं अजय सिंह रघुवंशी तिलाखेजड़ा, रानू रघुवंशी मूडरा ने महंतजी के साथ भक्ति भाव से पूरे अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर पंडित शास्त्री ने बताया कि लिंग पुराण उद्घोष करता है जो शिव मंदिर बनवाता है, वह न यमलोक देखता है, ना उसे पाप का स्पर्श होता है। वह शिव की गोद में, शिवधाम में, शिव प्रकाश में प्रवेश करता है। सनातन परंपरा का यह अद्भुत तेज आज भी उतना ही प्रखर है, जितना युगों पहले महाराजा और धर्मरक्षक राजाओं के शासन में था, जब वे अपने सामर्थ्य का प्रथम उपयोग शिव मंदिर निर्माण में करते थे। इंदौर की शासक अहिल्याबाई ने भी काशी, सोमनाथ, ओंकारेश्वर, नासिक, बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे कई अन्य स्थानों पर भी शिव मंदिरों का निर्माण और पुनर्निर्माण कराया।

उदयपुर में 10 वीं शताब्दी में परमार वंश के राजाओं द्वारा बनाया गया नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर इसका प्रमाण है यह मंदिर आज भी धर्मनिष्ठा की सजीव परिक्रमा बनकर खड़ा है। त्रेतायुग में स्वयं विष्णु अवतार भगवान श्रीराम ने रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना कर विजय से पूर्व महादेव की आराधना की, तब सनातन धर्म ने पूरी दुनिया को यह प्रमाण दे दिया कि शिव अनादि नायक हैं, ब्रह्मांड के महेश हैं और धरा के आधार हैं। इसी कारण प्राचीन शासकों ने पृथ्वी को शिवालयों से आलोकित किया। उनका मानना था कि जहां मंदिर स्थापित होगा वहां प्रजा में शांति होगी, राज्य, नगर में समृद्धि होगी और समाज में धर्म अपनी पूर्ण तेजस्विता से चमकेगा। सनातन परंपरा का यह अद्भुत तेज आज भी उतना ही प्रखर है, जितना युगों पहले महाराजा और धर्मरक्षक राजाओं के शासन में था, जब वे अपने सामर्थ्य का प्रथम उपयोग शिव मंदिर निर्माण में करते थे।

## शासकीय एसजीएस कॉलेज ग्राउंड, कृषि उपज मंडी परिसर का किया भ्रमण

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 नवंबर को गंजबासौदा में प्रस्तावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए की जाने वाली तैयारियों का जायजा मंगलवार को जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से लिया गया। इस दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, डॉ. राकेश जादौन, मनोज यादव ने विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कृषि उपज मंडी में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन हेतु कृषि उपज मंडी के निकट हेलीपैड बनाया गया है। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से आने के बाद मंडी परिसर के अंदर से धर्मकांटा तक पहुंचेंगे, यहां से रथ





में सवार होकर रोड शो में शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत की गई। यहां मुख्यमंत्री लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की पट्टिकाओं का अनावरण करेंगे तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने मुख्यमंत्री के स्वागत की रूपरेखा साझा की। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि नगर के लिए यह पल अविस्मरणीय बने, इसके लिए तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं पूर्व अनुभवों और निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाएं। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सुरक्षा प्रबंधन के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक व



स्थलीय भ्रमण निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### एसआईआर कार्यों को लेकर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**गंजबासौदा।** मंगलवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पटवारी सभागार में एसआईआर के कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित राजस्व टीम से मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली और प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



कलेक्टर ने बीएलओ के द्वारा मतदाता से संबंधित जानकारी आयोग के निर्धारित एन्युमेरेशन फार्म में प्राप्ति के उपरांत बीएलओ एप के माध्यम से दर्ज करने के कार्यों का मुआयना किया। उन्होंने एसआईआर कार्य को अति महत्वपूर्ण बताते हुए समय सीमा में मतदाता सूची में शुद्धता संबंधी सभी प्रविष्टियों के निराकरण करने की बात कही है। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे मैदानी कार्यों की बारीकी से जांच करने के निर्देश मौके पर दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने, त्रुटिरहित प्रविष्टियां सुनिश्चित करने और प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करने के कार्यों में कहीं त्रुटि ना हो पाए के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती की नींव है, इसलिए इन्हें गंभीरता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इससे पहले बासौदा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और संधारित विभिन्न पंजियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संतोष बिटौलिया, तहसीलदार रितु राय मौजूद रहीं।

# प्लेटफार्म परिवर्तन की सूचना के बाद रेल यात्रियों में मची भगदड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को दोपहर के समय बीना की ओर से आने वाली पंजाब मेल एक्सप्रेस के आने का अनाउंसमेंट हुआ जिसमें बताया गया कि बीना की ओर से आने वाली पंजाब मेल प्लेटफार्म नंबर 3 पर आएगी। जैसे ही ट्रेन के आने का समय हुआ तो अचानक से पंजाब मेल ट्रेन के प्लेटफार्म में परिवर्तन का अनाउंसमेंट किया गया। अनाउंसमेंट में बताया गया कि यह गाड़ी अब तीन नंबर की जगह प्लेटफार्म नंबर चार पर आएगी। अचानक प्लेटफार्म में हुए परिवर्तन के कारण रेल यात्रियों में भगदड़ मच गई। कई लोग पैदल पुल से प्लेटफार्म की ओर निकले, इस बीच अधिकतर यात्री पटरी पार कर प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंचे। इसी बीच बीना की ओर से एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन आई जिसकी चपेट में आने से कई रेल यात्री बाल बाल बच गए। हालांकि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। जबकि जीआरपी और आरपीएफ पुलिस का दायित्व है कि वह प्लेटफार्म पर घूम कर अपनी ड्यूटी करें और इस प्रकार की घटना को रोके लेकिन अधिकांश बार देखा गया है कि गंजबासौदा स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ पुलिस के जवाब हमेशा नदारत रहते हैं । यही कारण है कि अब तक कई लोगों की जान रेल कटिंग के दौरान जा चुकी है।

### अधिकारियों ने सब जेल का किया निरीक्षण

**गंजबासौदा।** महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं म.प्र. भोपाल डीजी जेल, वरूण कपूर आईपीएस द्वारा मंगलवार को स्थानीय सबजेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान



डीजी जेल द्वारा बंदियों से पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याएं सुनी गईं। साथ ही जेल स्टाफ से भी उनकी समस्याओं के बारे मे बातचीत की गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संतोष बिटोलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, जेल अक्षीक्षक जिला जेल प्रियदर्शन श्रीवास्तव, जेलर आलोक कुमार भार्गव, थाना प्रभारी देहात मनोज दुबे सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। अंत में महानिदेशक द्वारा उपजेल मे पौधरोपण भी किया गया।

# संभाग स्तरीय वॉलीबाल में पुरुष वर्ग का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र प्रेम रघुवंशी बीकॉम प्रथम वर्ष, वीरेंद्र मीणा बीकॉम सेकंड ईयर, दर्श भारद्वाज बीसीए फर्स्ट ईयर, जतिन रघुवंशी बीकॉम सेकंड ईयर का चयन संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। महाविद्यालय के खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता दिनांक 7 नवंबर को राज माता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय विदिशा में आयोजित की गई थी। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने अपना



शानदार खेल दिखाया और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उनका चयन संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को शासकीय एक्सीलेंस महाविद्यालय भोपाल में आयोजित की जाएगी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ इंद्रा दुबे, उप प्राचार्य डॉ पीयूष दुबे, विधि विभाग प्रभारी आरआर द्विवेदी सहित समस्त प्राध्यापक गण, कार्यलीन स्टॉफ ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## 25 नवंबर को निकलेगी भव्य और दिव्य राम बारात

# राम राजा विवाह महोत्सव की परंपराओं से महका गंजबासौदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ श्रीराम-सीता विवाह महोत्सव की पवित्र परंपराओं के साथ भगवान श्रीराम की लगुन के साथ सात दिवसीय दिव्य उत्सव की मंगलमयी शुरुआत हो गई। हनुमान जी को साक्षी बनाकर निकली लग्न पत्रिका, भोलेनाथ के दरबार में जाकर समर्पित हुई। जहां भगवान सीता राम के विवाह की लग्न पत्रिका पढ़ी गई और उसे जनक जी को सौंपा गया। अब जैसे-जैसे श्रीराम विवाह महोत्सव की तिथियां समीप आएंगी वैसे यह विवाह महोत्सव सनातन प्रेमियों को मिथिला-अयोध्या के विवाह उत्सवों की भव्यता की अनुभूति कराएगा। मालूम हो कि नगर में श्री राम रसधारा परिवार द्वारा इस वर्ष भी श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है।

विवाह संस्कार की शुरुआत मंगलवार को लगुन व मटियाना की रस्मों के साथ हुई। लग्न पत्रिका सावरकर चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी को साक्षी मानते हुए शोभायात्रा के रूप में गाजे बाजे के साथ विभिन्न सामग्रियों से सजे पांच ठेलों के साथ सदर बाजार स्थित भोलेनाथ के दरबार पहुंची। लग्न पत्रिका की शोभायात्रा के पूरे मार्ग में आतिशबाजी की गई। महिलाओं और पुरुष वर्ग ने भक्ति भाव के साथ नृत्य करते हुए आनंद उत्सव मनाया। हनुमान जी को लग्न पत्रिका समर्पित होने का यह दृश्य अत्यंत पावन था, मानो स्वयं पवनपुत्र नगर को रामविवाह के मंगल आशीष दे रहे हों। मंदिर परिसर में ढोल नगाड़े, शंखनाद और जयघोषों के बीच पंडित आशीष गोस्वामी ने शिव मंदिर में लग्न पत्रिका का विधिपूर्वक वाचन किया। सभी उपस्थित भक्त जब श्रीराम विवाह के अनुष्ठानों की तिथियां सुन रहे थे, तब वातावरण में ऐसा भाव छलक रहा था जैसे स्वयं जनकपुर और अयोध्या का मिलन हो रहा हो। लग्न पत्रिका को दशरथ जी की भूमिका में सुशील गुप्ता ने जनक जी की भूमिका में हरि नेमा को सौंपा गया। इसी के साथ पावन मटियाना की रस्म गांधी चौक स्थित कांच मंदिर में हुई, जहां महिलाओं ने भजनों की मधुर लय में डलियों में मिट्टी भरकर विवाह संस्कार की मंगल शुरुआत की। श्री रामरस धारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज ने बताया कि हनुमान जी की साक्षी से निकलना और शिव जी के दरबार में लग्न पत्रिका अर्पित करना स्वयं दर्शाता है कि यह विवाह केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि देव-देवताओं का आश्रय प्राप्त दिव्य संस्कार है। हमारे समाज की हर विवाह परंपरा इसी आदर्श विवाह पर आधारित है। भगवान सीतारामजी का विवाह महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, प्रेम, आदर्शों, सद्गुणों और उत्सवों का संगम है। इस महोत्सव में शामिल होना हर सनातनी के लिए दिव्य सौभाग्य है।

सात दिवसीय विवाह महोत्सव में 20 नवंबर को जानकी जी की गोद भराई एवं श्रीराम का तिलकोत्सव, 22 नवंबर को श्रीगणेश पूजन एवं तेलोत्सव, 23 नवंबर को माता पूजन एवं मंडप आराधना के साथ शाम को गांधी चौक पर सारेगामा फेम शरद शर्मा, सहित नगर के अन्य भजन गायकों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुति जाएगी एवं 25 नवंबर को भव्य और दिव्य राम बारात नगर में निकलेगी।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर के ग्राम गंज के समापन सत्र में मुख्य अतिथि संजय सिंह रघुवंशी विधायक प्रतिनिधि द्वारा सफल आयोजन की बधाई दी गई। शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा बताया गया कि स्वयंसेवक समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां छू रहे है। वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह ने कहा कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। उन्होंने बताया कि सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक प्रवीण कुमार जग्गा द्वारा शिविर में किए गए कार्यों की सराहना की गई। इस आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा, राम नाम बैंक संचालक रघुनाथ सिंह रघुवंशी, गिरिराज सिंह रघुवंशी, नवनीता जैन, एनसीसी अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव, स्वतंत्र कुमार जैन, काशीराम साहू, साहू, राधेश्याम साहु एवं शासकीय




माध्यमिक विद्यालय गंज स्टॉफ सदस्य के साथ ही ग्रामीणजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र , मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों को आभार पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका पिंकी कुशवाह द्वारा किया गया। शिविर का संचालन एवं नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा एवं बालिका कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी द्वारा किया गया। पूर्णिमा ओझा द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक सचिन अहिरवार, प्रथम महलवार, राजकुमार विश्वकर्मा, साहिल यादव, विशाल अहिरवार, अमित विश्वकर्मा, गौरव शर्मा, हरिओम साहू, मोनू कुशवाह, शिवा मीणा, यशपाल अहिरवार, नितेश मीणा, स्वयंसेविका अंजली झा, पुष्पलता सेन, आयुषी दांगी, नैना पांडे, समीक्षा राठौर, सलोनी सेन द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

### वर्तमान में कैश के साथ ही बाजार में दुकानों पर चिल्लर का चलन होता जा रहा समाप्त

# छुट्टे की झंझट खत्म, अब 1 से लेकर हजारों रुपए का लेन-देन ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

डिजिटल पैमेंट ऑप्शन अब लोगां की आदत में शामिल हो गया है। बदलाव ऐसा आया है कि अब 5 से 10 रूपए के छोटे लेनदेन भी डिजिटल पेंमेंट के जरिये हो रहे है। हालात यह हो गए है कि नगर में एटीएम से राशि की निकासी बीते सालों की तूलना में आधी हो गई है। फल व चाय बेचने वालों से लेकर हर छोटे - छोटे व्यापारी के पास भी अब ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। वही नगर में ऑनलाइन का भुगतान तेजी से बढ़ता जा रहा है। लोग ऑनलाइन भुगतान विभिन्न ऐपों के माध्यम से कर रहे है। ऑनलाइन भुगतान के लिए सबसे अधिक क्यूआर कोड का उपयोग किया जा रहा है। चाय बेचने वाले से लेकर पान गुमठी,सब्जी बेचने वाले इसका उपयोग कर रहे है नेट बैंकिंग, यूपीआई के माध्यम से खाते में आईएफएससी कोड के माध्यम से राशि ट्रांसफर कर दी जाती है। मोबाइल बैंकिंग, फोन पे, गूगल पे, सहित अनेकों एप के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। दुकानों के अलावा अन्य जरूरी सामग्री की खरीदी करने पर भी ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। इसका नतीजा है कि एटीएम से कैश निकालने वालों की संख्या आधी से भी कम हो गई है।



#### छोटी से लेकर बड़ी दुकानों में ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध

छोटी दुकानों के अलावा बड़ी होटलों, किराना दुकानों, पेट्रोल पंप, बिजली बिल, रिचार्ज आदि सभी के लिए ऑनलाइन की सुविधा है। पुराना बस स्टेण्ड स्थित फल विक्रेता राहुल खत्री ने बताया कि दुकान पर कई ग्राहक ऑनलाइन ही भुगतान करते हैं। छोटा से छोटा भुगतान ऑनलाइन हो जाता है। पहले चिल्लर की परेशानी होती थी लेकिन अब इसका झंझट नहीं रहा। वही होटल के संचालक रंजीत यादव ने बताया भुगतान के लिए ऑनलाइन की व्यवस्था की है। अधिकांश ग्राहक ऑनलाइन ही भुगतान करते हैं। दुकान के लिए सामान लेने जाते हैं। तो वहां भी ऑनलाइन ही भुगतान कर देते हैं।

#### ऑनलाइन पेमेंट के अनेक फायदे

वही किराना व्यापारी सौरभ जैन ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट व्यापारियों के लिए भी बेहद जरूरी हो गया है। आज कल हर बिजनेसमैन अपने प्रोफेशन को ऑनलाइन प्रमोट करता है। ग्राहकों को ऑनलाइन खरीददारी करने के लिए प्रेरित करता है। इसके लिए वह उन्हें आकर्षक उपहार या ज्याद डिसकाउंट देता है। लेकिन ये तभी संभव है जब उसकी साइट पर ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था हो। इससे उस कंपनी या दुकान की विश्वसनीयता तो बढ़ती ही है साथ ही खर्चे में भी कमी आती है। ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा शुरू होने से बाजार ने तेजी पकड़ी है साथ ही आम लोगों का जनजीवन भी आसान हो गया है। यानी वर्चुअल दुनिया से पैसा यहां से वहां जा रहा है। आप खरीदारी भी कर रहे हैं और सुविधाएं भी पा रहे हैं। यही नहीं घर बैठे तमाम बिलों का भुगतान भी अब आसानी से हो जाता है।

#### घर बैठे हो जाती है शॉपिंग

वही गृहणी विनीता कुशवाह ने बताया कि अब ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा होने के कारण घर बैठे मनचाही शॉपिंग अनेक ऐपों के जरिए कर सकते हैं। यही नहीं, अगर सामान पसंद नहीं आया तो उसे ऑनलाइन ही वापस करने का भी विकल्प होता है। पैसा अपने आप आपके खाते में कुछ दिनों बाद वापस आ जाता है। साथ ही ऑनलाइन पेमेंट ने रुपयों की लूट या पर्स खोने के खतरे को भी कम दिया है। अगर किसी का भुगतान करना हो तो अब आपको अपना वॉलेट या रुपये लेकर जाने की जरूरत नहीं। घर बैठे ही इंटरनेट के इस्तेमाल से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

#### समय और मेहनत की बचत

वही स्कूली छात्र अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट ने हमें जो सबसे फायदेमंद चीज दी है वह है समय की बचत। समय की बचत के अलावा ऑनलाइन पेमेंट से हमारी मेहनत की भी बचत होती है और हम कम समय में ज्यादा काम कर पाते हैं। इस काम को और भी आसान बनाया है आज के स्मार्टफोन्स ने। स्मार्टफोन्स की वजह से हम कोई भी पेमेंट या बिल का भुगतान कम समय में ज्यादा तेजी से कर लेते हैं। स्मार्टफोन्स के जरिए हम कोई भी खरीददारी घर बैठे किसी भी कार्ड चाहे वो क्रेडिट कार्ड हो या डेबिट या कैश ऑन डिलीवरी कर सकते हैं।

### बीमारियों के प्रकोप से बेखबर जिम्मेदार

## खाली प्लॉटों में भरे हुए गंदे पानी से पनप रहे हैं मच्छर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में कई ऐसे वार्ड व कॉलोनी है जिनमें खाली पडें प्लाटों में गंदा पानी भरा हुआ है,जिसमें गंदगी के साथ मच्छर व अन्य कीड़े पनप रहे हैं। जिससे आस-पास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर की कई कॉलोनियों में यह नजारे आम है,लेकिन नपा ने इस पर कभी किसी तरह का ध्यान नहीं दिया है और न ही कभी कार्रवाई कर पानी निकालने की जहमत उठाई है। इन दिनों खाली प्लाटों में गंदा पानी सड़ रहा है,जिसमें मच्छर व अन्य कीड़े पनप रहे है।

वही आस-पास के रहवासियों को काफी असुविधा हो रही है। नगर के भवानी नगर,लिंक रोड़, नयापुरा, एमपी नगर, पालीवाल कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों में हालात बुरे है। दुर्गा नगर कॉलोनी निवासी कमलेश कुशवाह ने बताया कि प्लांटो में भरा गंदा पानी सड़को पर आ जाता है जिस कारण लोगों को गंदगी के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है। कॉलोनी में पानी निकासी की कोई सुविधा नही है और न ही नालियां बनाई गई है। वार्डवासियों द्वारा कई नपा कार्यालय में पहुचकर नाली निर्माण व प्लांटो में भरे पानी को निकलवाने की शिकायत की जा चुकी है लेकिन नपा ने आज तक इस समस्या की ओर ध्यान नही दिया। वही भवानी नगर के वार्डवासी गजेन्द्र यादव ने बताया कि वार्ड में वर्षो से खाली प्लांटो में पानी सड़ रहा है। इन प्लांटो से पानी निकासी एवं दवा छिड़काव के लिए नपा में कई बार आवेदन दे चुके है। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई। हालात यह है कि शाम होते ही मच्छरों का प्रवेश घरों में शुरू हो जाता है। लेकिन नपा और स्वास्थ्य विभाग को इस समस्या से कोई सरोकार नही है।

### दुगाहा कलॉ, खिरिया कलॉ, ललोई में 13 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**सागर।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने ग्राम दुगाहा कलॉ, ग्राम खिरिया कलॉ और ग्राम ललोई के शासकीय विद्यालयों में कुल 13.50 लाख रूपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करने के साथ ही ललोई हाई स्कूल में विद्यार्थियों को निःशुल्क साईकिलें वितरित की। उन्होंने दुगाहा कलॉ, खिरिया कलॉ और ललोई के विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज ललोई के लिए अत्यंत सौभाग्य का दिन है। आपके पूर्व गृह मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से गांव में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि ललोई में पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, ललोई से आसोली मार्ग, हाई स्कूल का उन्नयन एवं नवीन भवन, शासकीय हाई स्कूल व माध्यमिक शाला में बाउंड्रीवॉल, अहिरवार समाज का सामुदायिक भवन, नल-जल योजना, स्कूल परिसर में चबूतरा एवं टीनशेड, पेयजल टैंकर तथा फर्श निर्माण आदि अनेक कार्य कराए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल मरम्मत से बच्चों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा निःशुल्क साइकिल वितरण से दूर-दराज से आने वाले बच्चों को गर्मी, बारिश व कड़ी धूप से राहत मिलेगी। बच्चे समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे और पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे।

## जनजातीय गौरव दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संदेश है: डॉ प्रतिभा तिवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर में जनजातीय दिवस विरसा मुण्डा की जन्मशताब्दी को दृष्टिगत करते हुए, कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कार्यषाला का आयोजन किया गया। जिसका का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। सर्वप्रथम इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन भारतीय स्त्रीशक्ति सागर की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी द्वारा दिया गया, उन्होंने कहा कि जन जातीय गौरव दिवस'' न केवल इतिहास का सम्मान है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र की विविधता के प्रति गर्व का प्रतीक भी है। भारत की पहचान उसकी बहुलता, विविध सांस्कृतिक और सामूहिक विरासत में निहित है। इस विविधता का महत्वपूर्ण स्तंभ है- जनजातीय समाज। उनकी परंपराएँ, कला, लोक-संगीत, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सामुदायिक जीवन की भावना भारतीय संस्कृति को एक विशिष्ट रूप प्रदान करती है। यह दिवस विशेष रूप से हमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के महान बलिदान और नेतृत्व की याद दिलाता है। उन्होंने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उलगुलान अर्थात महान आंदोलन का नेतृत्व किया। उनका संघर्ष हमें यह सिखाता है कि किसी भी अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के लिए उम्र नहीं, बल्कि साहस और संकल्प की आवश्यकता होती है। जनजातीय गौरव दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संदेश है। समावेशी विकास ही सशक्त भारत का मार्ग है। हम सब मिलकर ऐसी सोच और प्रयास विकसित करें, जिससे जनजातीय समुदायों का गौरव न केवल सुरक्षित रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने। जब हम जनजातीय गौरव दिवस मनाते हैं, तो यह सिर्फ इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी का एहसास भी है। आज भी कई जनजातीय समुदाय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। विकास और आधुनिकता के साथ-साथ उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण करना हमारा सामाजिक दायित्व है। इसके उपरान्त आपदा प्रबंधन में संस्था के ए के सिंह द्वारा अग्नि सुरक्षा से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इसके साथ ही संस्था की विभागाध्यक्ष-फैशन एवं इन्टीरियर डेकोरेषन शैलबाला बैरागी द्वारा छात्र-छात्राओं को टाइ एण्ड डाई, साबुन बनाने और बाटिक प्रिन्ट करने का प्रषिक्षण स्वरोजगार और स्वेदशी की भावना को जागृत करने के लिए दिया गया। इस अवसर पर आभार ज्ञापन नरेश केशरवानी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर ज्योति गौतम, मंजीता दुबे, दीपिका जैन, अल्पेश शर्मा एवं छात्र-छात्राओं गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



## गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड मकरोनिया जिला सागर के खिलाफ कृषकों की शिकायत पर कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा कंपनी की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक लवलेश सिंह राजपूत, शोभाराम लोधी एवं सलिल दुबे एवं उनके कुछ कर्मचारी आशीष चौबे, राजकुमार सेन द्वारा बिना लाइसेंस के प्रोम एवं जाइम जैसी खाद का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। ग्राम चनौआ एवं ग्राम रतनपुरा गढ़ाकोटा में कई किसानों के फील्ड पर कृषि विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया और किसानों के कथन भी लिए गए। जांच में प्रथम दृष्टया कंपनी द्वारा प्रोम एवं जाइम खाद का विक्रय किया जा रहा है, जिसमें कंकर-पत्थर मिक्स पाया गया है। साथ ही जो जाइम लिक्विड फॉर्म में किसानों को बेचा गया है, किसानों द्वारा बताया गया कि इसका भी परिणाम अच्छा नहीं है। कृषक जिनमें चनौआ से रामजी विश्वकर्मा, चुरामणि कुर्मी, मोहन विश्वकर्मा, ग्राम रतनपुरा गढ़ाकोटा के कृषक घासीराम कुर्मी, अनिल कुर्मी एवं अन्य के द्वारा बताया गया कि लाखों रुपये का खाद खरीदने के बाद भी परिणाम अच्छा नहीं है, जिसकी वजह से हम सभी किसान शिकायत कर रहे हैं। कृषि विभाग की टीम द्वारा कृषकों के पास उपलब्ध खाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेज दिए गए हैं। साथ ही गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वैधानिक दस्तावेज जैसे लाइसेंस इत्यादि न होने की वजह से फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 की धारा 7 एवं एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट की धारा 3/7 के तहत पुलिस प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराई गई।

### कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ संदीपनी विद्यालय बंडा का किया निरीक्षण

**सागर।** शिक्षक बच्चों को सर्वांगीण विकास परख शिक्षा प्रदान करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर. ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ संदीपनी विद्यालय बंडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी., एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने बंडा के संदीपनी विद्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि विद्यालय समय पर संचालित हो और सभी शिक्षक प्राचार्य सहित अपनी-अपनी जिम्मेदारी के साथ पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय के कक्षाओं की स्वच्छता, पंखे-लाइट की स्थिति, बच्चों के बैठने की व्यवस्था और पाठ्यसामग्री के उपयोग की जानकारी ली।

### एसआईआर संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई

## संयुक्त कलेक्टर ने बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया

- मतदाता सूची में प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति जानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन ने एसआईआर के तहत संपादित कार्यों का ग्राम सतपाडा एवं सौरई के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। श्रीमती जैन ने आयोग द्वारा जारी प्रपत्रों में मतदाता सूची में प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति जानी। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र नागरिक का को फार्म उपलब्ध करा कर उनकी जानकारी निर्धारित कालमों में सही सही दर्ज कराना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्धारित प्रपत्रों, मतदाता सूची अपडेट रजिस्टर तथा घर-घर सर्वे की प्रगति का भी अवलोकन किया। उप जिलानिर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का आधार है, इसलिए बीएलओ अपने कार्यों को पूर्ण सतर्कता एवं समय सीमा के भीतर संपादित करें।

### 18 बीएलओ ने डिजिटाइजेशन में किया उत्कृष्ट कार्य

**विदिशा।** जिले के बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना फॉर्म का डिजिटाइजेशन का कार्य सराहनीय रहा है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना फॉर्म का डिजिटाइजेशन के सराहनीय कार्य में उपलब्धि प्राप्त करते हुए विधानसभा क्षेत्र शमशाबाद के मतदान केंद्र क्रमांक 139 के बीएलओ वीरेंद्र सिंह यादव ने 79.02 प्रतिशत गणना फॉर्मों का डिजिटाइजेशन का कार्य किया है। इस कार्य को जिला प्रशासन द्वारा एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

## उड़ चला पंछी रे हरी भरी डाल से..विदिशावासियों ने सजल नेत्रों से मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज के संघ को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज का दो दिवसीय प्रवास शीतलधाम में मिला। उनकी मंगल अगवानी करने हेतु निर्यापक श्रमण मुनिश्री सम्भवसागर महाराज स संघ पहुंचे तथा गुरु भाइओं के मंगल मिलन का दृश्य जब विदिशा बासिओं ने देखा तो उनकी आंखें खुशी से सजल हो आई।






दयोदय महासंघ गुणायतन मध्यक्षेत्र के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज स संघ का मंगल प्रवास भोपाल चातुर्मास के उपरांत राहतगढ़ पंचकल्याणक जो कि आगामी 27 नवम्बर से 2 दिसंबर के मध्य मुनिसंघ के सानिध्य में होना तय है। इस बीच विदिशा नगर में मुनिसंघ का दो दिवसीय प्रवास मुनि श्री सम्भवसागर महाराज स संघ के साथ रहा और शीतलधाम में उत्सव का माहोल रहा। मुनि संघ ने आचार्य भगवन श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के आशीर्वाद से बनने जा रहे समवसरण मंदिर का अवलोकन किया एवं वर्तमान कमेटी को आचार्य भगवन समय सागर महाराज एवं विदिशा में विराजमान मुनिश्री सम्भवसागर महाराज के निर्देशन में शीघ्र करने का आशीर्वाद प्रदान किया। देशभर के श्रद्धालुओं से अपील की विदिशा नगर ही वास्तविक भद्दिलपुर है जिसका शास्त्रों में उल्लेख मिलता है तथा यही भगवान शीतलनाथ स्वामी की कल्याणक भूमी है इसमें कोई संदेह नहीं है उन्होंने तीन प्रमाणिक साक्ष्यों का भी उल्लेख किया आज मंगलबार को प्रातः आहार चर्या संपन्न होंने के पश्चात दौपहर एक बजे मंगल विहार कर बीच रास्ते में पड़ने वाले जिन मंदिरों की वंदना करते हुए दोपहर तीन बजे श्री धर्मनाथ दिगंबर जैन मंदिर बंटीनगर पहुंचे। विश्व प्रसिद्ध शंकासमाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रश्नकर्ताओं ने अपने प्रश्न पूछे एवं मुनि श्री ने उनकी शंकाओं का समाधान किया। एक प्रश्न के उत्तर में मुनि श्री ने कहा कि कैसी भी विपरीत परिस्थितियों में कभी भी आत्महत्या जैसा अपराध कभी नहीं करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय तथा भारत एवं भारत से बाहर सुनने वाले सभी श्रद्धालुओं को आत्महत्या जैसा जघन्य अपराध न करने का संकल्प दिलाया।

प्रातःकाल हुई धर्मसभा में मुनिश्री ने प्रभु और गुरु भक्ति का उदाहरण देते हुए कहा प्रभु और गुरु से परम प्रेम की अभिव्यक्ति ही भक्ती हैर तुम्हारा प्रेम पामर प्रेम है,यह प्रेम नहीं प्रेम का फ्रेम है,जब गुरु से निस्वार्थ भाव से प्रेम होता है, तभी सच्चे अर्थों में भक्ती प्रकट होती है। मुनि श्री ने कहा कि विदिशा वाले तो सभी भक्त है। मुनि श्री ने एक उदाहरण के माध्यम से गुरु भक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि यदि एक बार भक्ति की अभिव्यक्ति यदि हो गई तो वह मिटेगी नहीं।

**कार्यालय महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या मड़खो**
**जिला-विदिशा पं. क्र. 1247 दिनांक 06.09.18**

क्र./ निर्वाचन / आम सम्मिलन/2025/Q2 — दिनांक 18.11.25

**सूचना**

महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. मड़खो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि सोसायटी की विशेष साधारण सभा दिनांक 04-12-25 को दिन के 12:00 बजे स्थान महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति कार्यालय मड़खो पर आयोजित की गयी है. जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची -
1. सोसायटी की उपविधि क्रमांक 7.0 के अनुसार संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन करना।

नोट - रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम सभी संस्था सदस्यों को व्यक्तिशः प्रेषित किया जा रहा है।

**सचिव**
**महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी**
**समिति मर्या. मड़खो तह लटेरी जिला-विदिशा**

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित देवखजूरी**
**जिला विदिशा पंजी. क्रमांक.578 दिनांक 07.12.1998**

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 04.12.2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 26.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर सचिव द्वारा नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 27.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 28.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी के. सी. यादव द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

**(के.सी. यादव)**
**रिटर्निंग अधिकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था**
**मर्यादित देवखजूरी जिला विदिशा**

## यातायात व्यवस्था चरमराई, आए दिन लगते जाम पर नहीं लग पा रहा अंकुश

# शहर में भारी वाहनों की आवाजाही, घटिया सड़क निर्माण बन रहा परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकार द्वारा शहर की आबाम की सहूलियत के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वनवे तथा चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया गया था, परन्तु विभाग द्वारा घटिया सड़क निर्माण के कारण सड़क महीने भर भी नहीं चल सकी और नतीजन जगह-जगह से गहरे घाव हो गए। घावों में मरहम लगाने के नाम पर विभाग ने सिर्फ खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लिया, जिससे लोगों का सफर जोखिम भरा नजर आ रहा है।

वहीं नगर में भारी वाहनों की आवाजाही से लोगों को वाहन चलाने में कठिनाईयां झेलना पड़ रही है। भारी वाहनों से कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है, परन्तु जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

**शहर की घटिया सड़क निर्माण और भारी वाहनों की आवाजाही की वजह से दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है तथा हादसों का डर बना हुआ है।**



### दमतोड़ रही हैं शहर की सड़कें

शहर से गुजरे सागर-भोपाल मार्ग पर इन भारी क्षमता वाले वाहनों का प्रवेश सड़क का दमतोड़ रहा है। क्षमता से अधिक वजन और गुणवत्ताहीन सडक़ होने से महज 15 से 20 दिनों के भीतर सड़क उखड़ रही है। मौजूदा समय में इस रोड पर सैकड़ों छोटे बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं, जिससे शहरवासियों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही हालात सांची सलामतपुर से गुजरे भोपाल-विदिशा मार्ग के हैं। सड़कों से गुजरने वाले वाहन हिचकोले लेते हुए फर्राटे भरते हैं। करोड़ों रुपए का बजट खर्च कर पीडब्ल्यूडी ठेकेदार द्वारा सागर-भोपाल तिराहे से लेकर दरगाह शरीफ तक सड़क बनाई थी, वह भी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी। वहीं पीडब्ल्यूडी ने ब्लैक लिस्टेड सड़क ठेकेदार श्रुति सड़क कंट्रक्शन राजेंद्र गर्ग एंड कंपनी को दिया गया था।

### शहर से गुजरते भारी वाहन दे रहे हादसों को न्यौता

शहरवासियों का कहना है कि सड़क की क्षमता से अधिक वाहनों का आवागमन रायसेन में भोपाल विदिशा और सागर-कानपुर रोड पर होने से शहर की सडक़ महज 15 से 20 दिनों के भीतर ही उखड़ जाती है। जबकि इस रोड पर शहर की 60 प्रतिशत आबादी की आवाजाही है। भारी ट्रक और लोडर से आए दिन सड़क जाम की स्थिति भी बन रही है। यह स्थिति ऑफिस टाइम सुबह 11 से दोपहर साढ़े 12 बजे और शाम 5 से साढ़े 6 बजे के बीच रायसेन सांची विदिशा रोड़ सागर रोड़ पाटनदेव से सागर भोपाल तिराहे और यहां से भोपाल दरगाह शरीफ सड़क तक स्कूल कॉलेजों, सरकारी प्रायवेट स्कूलों और दफ्तरों के अधिकारी कर्मचारियों के वाहनों का आवागमन होता है।

### जिला अस्पताल से मंडी तक वाहनों की मची रेलमपेल

धान के सीजन में किसानों द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर-ट्रालियों एवं पिकअप वाहनों से धान विक्रय के लिए कृषि उपज मंडी लाई जा रही है। जिसके चलते किसानों द्वारा शहर में अंधी रफ्तार से ट्रेक्टर-ट्रालियों एवं पिकअप वाहन को दौड़ाते हुए ले जाते हैं। वहीं इन ट्रेक्टर-ट्रालियों में लगे साउंड सिस्टम को फुल स्पीड से बजाते हुए निकलते हैं, जिससे आसपास की उन्हें आवाज भी सुनाई नहीं देती है, जिससे कई बार हादसे हो रहे है। यातायात विभाग द्वारा इन पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है, जबकि जिला अस्पताल से लेकर कृषि उपज मंडी तक भारी यातायात का दबाव बना रहता है।

### नगर में भारी वाहनों के प्रवेश नियम का नहीं होता है पालन


*हालांकि शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों के लिए नियम यह हैं कि वे यातायात की व्यस्तता के दौरान (जैसे सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और शाम 7 से रात 9 बजे तक) प्रवेश नहीं कर सकते हैं और उन्हें शहरी प्रवेश के लिए निर्दिष्ट समय (जैसे रात 11 से सुबह 6 बजे) का पालन करना होता है।इसके अतिरिक्त, ट्रकों को सडक़ों पर पार्क करने या खड़े करने की अनुमति नहीं है और उन्हें पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करना चाहिए। ट्रैफिक नियमों का खुला उल्लंघन करने पर जुर्माना भी किया जाता है। साथ ही वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस सभी दस्तावेज बीमा पीयूसी रिपोर्ट आदि भी हमेशा वैध उपलब्ध होना चाहिए।*

### इनका कहना है

सड़कों की तस्वीर जल्दी ही बदली जाएगी। शहर की सड़कों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाने जिम्मेदारों को निर्देशित करेंगे।
- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन

## अचानक ब्रेक लगने से ट्रक में घुसी कार, पति-पत्नी घायल

### हादसे रोकने हाईवे को 4 लेन करने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे पर सलामतपुर थाना क्षेत्र स्थित नहर की पुलिया के पास सोमवार मंगलवार की दरमियानी देर रात एक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, आगे चल रहै ट्रॉले के अचानक ब्रेक लगाने से उसके पीछे चल रहे भूसे से भरे आईसर ट्रक ने भी ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर आईसर ट्रक में जा घुसी।

हादसे में कार सवार दंपत्ति कुणाल दीप सिंह और उनकी पत्नी गुरविंदर कौर घायल हो गए। दोनों के चेहरे पर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि दंपत्ति अपने निजी कार्य से दामों से भोपाल जा रहे थे। ट्रक चालक और कार चालक के बीच आपसी समझौता होने के चलते किसी ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। पुलिस कार्रवाई के बिना ही मामला शांत हो गया।

### बिना रैलिंग की पुलिया बनी हादसों की वजह

जिले के सलामतपुर में भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित नहर की पुलिया हादसों के लिए बड़ा खतरा बन गई है। इस पुलिया पर आज तक कोई रेलिंग नहीं लगाई गई है, जिससे गुजरने वाले वाहन और लोग हर दिन जोखिम में रहते हैं। प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से होकर गुजरते हैं और कभी भी बड़ा हादसा घट सकता है। पूर्व में इस पुलिया पर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दे पाए हैं। स्थानीय लोग बार-बार चेतावनी दे चुके हैं कि अगर जल्द सुधार नहीं किया तो कोई बड़ा हादसा होना तय है।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री स्कूल में बाल सृजन मेला आज

**बरेली।** शासकीय पीएमश्री बालक माध्यमिक शाला में आज 19 नवंबर को सुरक्षित स्वच्छ एवं संतुलित आहार को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ भारत निर्माण की दिशा में जागरूकता बढ़ाने बाल सृजन एवं ईट राइट मेले का आयोजन हो रहा है। पोषण के महत्व को समझाने मिलावट मुक्त भोजन की आदत को प्रेरित विकसित करने वाले बाल सृजन एवं ईट राइट मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, अवनीश पालीवाल की अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेगी पीएमश्री विद्यालय परिवार द्वारा नागरिकों पालकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### दीवानगंज के पास ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

**दीवानगंज।** जिले के दीवानगंज रेलवे स्टेशन फुट ब्रिज के पास सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। दक्षिण एक्सप्रेस (हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन) ट्रेन से एक अज्ञात व्यक्ति की गिरने के कारण मौत हो गई। यह हादसा शाम करीब 6 बजे के लगभग हुआ। जीआरपी पुलिस रात लगभग 11 बजे मौके पर पहुंच सकी। करीब 5 घंटे तक मृतक का शव रेलवे ट्रैक के बीच में ही पड़ा रहा, जिससे मानवता शर्मसार होती रही। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### प्रभारी कलेक्टर ने मेला व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

**रायसेन।** जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी सांची में 29 तथा 30 नवम्बर को महाबोधि महोत्सव एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा मंगलवार को गेटवे रिट्रीट सांची में आयोजित बैठक में महाबोधि महोत्सव एवं मेला आयोजन की तैयारियों हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में महाबोधि सोसायटी के धर्मगुरू भी उपस्थित रहे। प्रभारी कलेक्टर ने यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सांची महोत्सव में प्रदेश ही नहीं देश और विदेश से भी पर्यटक आते हैं जिसके दृष्टिगत गरिमामय तथा व्यवस्थित आयोजन हेतु सभी तैयारियां समय से पहले ही पूरी कर ली जाएं। बैठक में एसपी पंकज पाण्डे ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, बेरिकेडिंग के संबंध में निर्देशित किया।

## ग्राम नूरनगर में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम आज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अभिनव पहल शुरू की है आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के किसी न किसी ग्राम में 24 घंटे रहते हैं। लोगों की समस्याएं सुनते उनका हल करने के साथ उसी ग्राम में रात्रि विश्राम करते हैं। पिछले दिनों विधानसभा क्षेत्र के नर्मदा किनारे बसे बौरास में आपका सेवक आपके द्वारा कार्यक्रम हुआ था। आज 19 नवंबर को उदयपुरा तहसील के प्रमुख ग्राम शक्ति केंद्र पर राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे आसपास के ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों से रूबरू होने के साथ रात्रि विश्राम भी ग्राम नूरनगर में करेंगे

## सिद्धिसारथी टीवीएस शॉरूम ने मेगा बंपर धमाका में बांटे उपहार




◆ ईनाम पाकर खुश नजर आए ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के टीवीएस कंपनी के मुख्य डीलर सिद्धिसारथी टीवीएस पर दिवाली के उपलक्ष्य में दिए गए मेगा बंपर धमाका प्राइज वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी ग्राहकों को विभिन्न उपहार, बाइक पर बाइक फ्री, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, गीजर एवं अन्य उपहार लाटरी सिस्टम के तहत वितरित किए गए। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक संतुष्ट ग्राहक हुए शामिल। कार्यक्रम में 500 से अधिक ग्राहकों को स्मार्ट वाच वितरित की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबेदार थाना ट्रैफिक, जिला ऑटोमोबाइल के अध्यक मुकेश शर्मा, सचिव ललित माहेश्वरी जी उपस्थित रहे। इस गरिमामय डिस्ट्रीब्यूटर कार्यक्रम में सिद्धिसारथी टीवीएस के डायरेक्टर सागर शर्मा ने बताया कि हमारे लिए ग्राहक की सच्ची सेवा संतुष्टि ही हमारी पूंजी है और हम इसलिए आगे भी इसी प्रकार के ऑफर कस्टमर को देते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन कंपनी के जनरल मैनेजर मयंक चौबे ने किया और सभी ग्राहकों को उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## पदाधिकारी अपने आचरण से संगठन की मर्यादा को बनाए रखें: जामवाल

### एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय विशेष बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एस आईआर 2025 को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। पहले सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने संगठन पदाधिकारियों से चर्चा की, जबकि दूसरे सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने उनका स्वागत किया।




इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों की बैठक में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 30 नवंबर तक हर हाल में पूर्ण होना चाहिए।

उन्होंने जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

श्री जामवाल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी कीअसली पहचान हैं, पदाधिकारी अपने आचरण से संगठन की मर्यादा बनाए रखे, इसलिए व्यवहार ऐसा हो कि न स्वयं बदनाम हों और न ही पार्टी। उन्होंने कहा कि संगठन का भाव है सभी सुखी रहें सभी प्रसन्न रहें और सभी को साथ लेकर चलें क्योंकि पार्टी सनातन, राष्ट्र एवं गरीब, जनकल्याण के लिए कार्य करती है।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने बैठक में आए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जमवाल एवं संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल का शॉल एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर ने किया तथा आभार जिला महामंत्री केशव पटेल ने व्यक्त किया।

बैठक में नगर पालिका एवं जनपद के अध्यक्ष–उपाध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पदाधिकारी, एसआईआर विधानसभा प्रभारी, नवनियुक्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएमश्री माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों का हैंडबॉल में राज्यस्तर पर हुआ चयन

### धार में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपना कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के शासकीय पीएमश्री बालक माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं का हैंडबॉल में राज्य स्तर पर चयन होने से छात्र खिलाड़ियों में भारी हर्ष बना हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता धार में भाग लेने खिलाड़ी छात्रों का दल रवाना हुआ पांच दिवसीय प्रतियोगिता में छात्र खिलाडियों द्वारा हैंडबॉल में अपना कौशल प्रदर्शन किया जाएगा।

धार में होने वाली राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में पीएमश्री स्कूल के छात्र-छात्राओं गौरी लोधी, प्रियांशी धाकड़, विवेक धानुका, दक्षेस, आयुष डागोर, मोहित मांझी का चयन हुआ है। कोच राजेश ठाकुर के साथ खिलाडियों का दल पांच दिवसीय राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा।




### खेल प्रतियोगिताओं के प्रति उदासीनता -

*नवंबर माह समाप्त होने वाला है नर्मदापुरम लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के प्रति बनी उदासीनता से छात्र युवा खिलाड़ी निराशा बने हुए हैं। खेल प्रतियोगिता आयोजन के लिए बैठक हुई थी, परंतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अभी तक आयोजन ही शुरू नहीं हुआ है।*

शाला के प्रधान अध्यापक एनपी धाकड़, ओपी धाकड़, अनिल माहेश्वरी, सुरेंद्र सिंह, उमेश सोनी, रजनी पटवा, शिखा शिल्पी, मीनू राजपूत, सुरेंद्र धाकड़ ने चयनित खिलाडियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।

## घर-घर पहुंचकर एसआईआर सर्वेक्षण फॉर्म भर रहे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासन द्वारा कराए जा रहे एसआईआर सर्वेक्षण का कार्य सिलवानी नगर व क्षेत्र में तेज़ गति से जारी है। सर्वेक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना, त्रुटियों को दूर करना तथा मतदाताओं की सही जानकारी एकत्रित करना है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। नगर के मतदान केंद्रो पर नियुक्त बीएलओ मतदाताओं के सर्वेक्षण कार्यमें जुटे हुए है।

मतदाताओं के फॉर्म भरने के लिए बीएलओ प्रतिदिन सुबह से रात तक घर- घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उनके अनुसार, कार्य की समयसीमा को देखते हुए उन्हें लंबे समय तक मेहनत करनी पड़ रही है। मंगलवार को नगर परिषद के



कर्मचारी धर्मेंद्र गुप्ता भी सर्वेक्षण कार्य में शामिल हुए। उन्होंने घर-घर जाकर चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित बिंदुओं के अनुसार मतदाताओं से जानकारी एकत्रित की।

धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि मतदाता बेहद सहयोग पूर्ण हैं और आवश्यक जानकारियाँ सहजता से उपलब्ध करा रहे हैं। इससे सर्वेक्षण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सर्वेक्षण टीम का कहना है कि इस बार मतदाताओं में जागरूकता काफी बढ़ी है। लोग स्वयं आगे आकर सही जानकारी दे रहे हैं।

## उपज में नमी कम होने से अन्नदाताओं को मिल रहे अच्छे दाम

# सोयाबीन मूल्य 4255 रुपए होने से किसानों के चेहरे खिले

**किसानों की बल्ले बल्ले, कृषि उपज मंडी में अच्छा मिल रहा सोयाबीन का भाव**

**भावांतर में अन्नदाताओं के लिए सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4255 रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन


भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए यह खबर खुशी देने वाली साबित हो रही है। क्योंकि 18 नवंबर को 4255 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल भावांतर रेट जारी किया गया। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में बेच दी है। योजना के तहत मंडी अब तक 171 किसानों द्वारा 2812.56 क्विंटल सोयाबीन उपज का विक्रय किया है।

### किसानों को डबल फायदा, उपज भी बेहतर हुई, अब मंडी में दाम भी अच्छे मिल रहे

**सोयाबीन के मॉडल रेट में वृद्धि जारी**

- 7 नवंबर को 4020 रुपए
- 8 नवंबर को 4033 रुपए
- 9-10 नवंबर को 4036 रुपए
- 11 नवंबर को 4056 रुपए
- 12 नवंबर को 4077 रुपए
- 13 नवंबर को 4130 रुपए
- 14 नवंबर को 4184 रुपए
- 15 नवंबर को 4225 रुपए
- 16 नवंबर को 4234 रुपए
- 17 नवंबर को 4236 रुपए

(नोट : प्रति क्विंटल में)



### जिले में 45000 हैक्टेयर में बोया था सोयाबीन

◆ जिला कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे के मुताबिक सोयाबीन का रकबा लगभग 45 हजार हैक्टर क्षेत्र में अन्नदाताओं द्वारा बुआई की गई थी। किसानों का कहना है कि सोयाबीन उपज की पैदावार भी अच्छी हुई है। वहीं सरकारें भी सोयाबीन उपज की भावान्तर कीमत बेहतर दी है, जिससे किसान और खुश नजर आ रहे हैं।

### सरकार की गारंटी, 5300 तक ले जाएंगे मॉडल रेट

राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी। भावांतर का मॉडल रेट बढ़ने का आशय यह है कि मंडी में सोयाबीन का भाव बढ़ रहा है। नमी कम होने से सोयाबीन की गुणवत्ता ठीक होने से रेट का बढ़ना स्वाभाविक है। किसानों को मंडी में अच्छा भाव मिल रहा है। वैसे भी मॉडल भाव पिछले चौदह दिन के सोयाबीन के बाजार भाव का भारित औसत है। एमएसपी से ऑक्शन भाव/मॉडल भाव के अंतर की राशि सरकार दे रही है और किसान के नुकसान की भरपाई कर रही है। प्रदेश में भावांतर योजना के सफल क्रियान्वयन ने किसानों को एमएसपी की राशि मिलने की गारंटी दी है। व्यापारियों को मंडी से व्यापार मिल रहा है, जो उपार्जन की वजह से प्रभावित हो जाता है।